# केन्द्रीय भण्डारण निगम

**प्रबंधन प्रशिक्षुओं (सामान्य), प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी),**
**सहायक अभियंता (सिविल), सहायक अभियंता (विद्युत), लेखाकार की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा**

**<u>सूचना पुस्तिका</u>**

**इस पुस्तिका में ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।**

**इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी** :

| **अनु. क्र.** | **प्रश्नावली के नाम** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **प्रत्येक परीक्षा के लिए आबंटित समय (पृथक समय)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तर्कशक्ति और कंप्यूटर अभिवृत्ति | 40 | 55 | 45 मिनट |
| 2. | अंग्रेजी भाषा | 35 | 40 | 25 मिनट |
| 3. | डाटा विश्लेषण और विवेचन और संख्यात्मक अभियोग्यता | 40 | 55 | 45 मिनट |
| 4. | सामान्य सचेतता | 20 | 20 | 15 मिनट |
| 5. | व्यवसायिक ज्ञान | 65 | 65 | 50 मिनट |
| | **कुल** | **200** | **235** | **3 घंटे** |

परीक्षा के लिए कुल अवधि 3 घंटे है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 4 घंटे रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । आप किसी भी प्रश्न का उत्तर उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान ही दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जाएंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ÿ&*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त अंकों को सभी फॉर्मो के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में कुल अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ परीक्षा के अलग-अलग भागों के साथ-साथ कुल अंकों पर लागू होते हैं

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## तर्कशक्ति और कंप्यूटर अभिवृत्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तैर पर प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में :: चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य :: खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

**प्र.5.** दिन : रात :: दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल :: खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

**प्र.7.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.8.** ‘कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ÿ।’ इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं

(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.9.** यदि ‘A ” B’ का अर्थ है ‘A में B जोडें’, ‘A ’ B’ का अर्थ है ‘A में से B घटायें>’, ‘A # B’ का अर्थ है ‘A को B से विभाजित करें’ और ‘A ✞ B’ का अर्थ है ‘A का B से गुणा करें’; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ’ $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ ” $S_2$) (3) ($S_1$ ” $S_2$ # 2)

(4) ($S_1$ ✞ $S_2$) # ($S_1$ ” $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

**प्र.11.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष । और ।। दिये गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों । दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है । सभी खिड़कीयां बादल हैं ।

निष्कर्ष : । सभी मशीन बादल हैं ।
।। सभी बादल मशीन हैं ।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है ।
(2) केवल । अनुसरण करता है ।
(3) । और ।। दोनों अनुसरण करते हैं ।
(4) केवल ।। अनुसरण करता है ।
(5) या तो । या ।। अनुसरण करता है ।

**प्र.12-13.** निम्नलिखित प्रश्नों में अंक एवं प्रतीक समूह को दी गई योजना और शर्तों के अनुसार अक्षर कोड देकर कोडबद्ध किया जाता है। आपको उस अक्षर कोड समूह के क्रमांक का पता लगाना है, जो अंक प्रतीक के संयोजन का सही ढंग से निरुपण करता है । उस अक्षर कोड का क्रमांक ही आपका उत्तर होगा । यदि कोई भी अक्षर कोड समूह सही न हो तो उत्तर (5) अर्थात 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' दीजिए ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक/प्रतीक | : | 2 | $ | @ | 7 | 6 | # | 8 |
| अक्षर कोड | : | Q | B | H | L | F | M | T |

**शर्त :**

1. यदि पहला और अंतिम तत्व एक प्रतीक हो तो दोनों को 'A' कोड दिया जाएगा ।
2. यदि पहला तत्व एक सम अंक है और अंतिम तत्व एक प्रतीक है तो उनके कोड परस्पर बदले जाएँगे ।

**प्र.12.** 67@2#

(1) FLHQM (2) MLHQF (3) MLQHE (4) FLQHM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.13.** $687#

(1) AFTLA (2) AFTLM (3) BFTLA (4) BFTLM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधों प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी । नीचे कुछ नमूना प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में कई अन्य प्रकार के प्रश्न भी हो सकते हैं ।

**Q.1.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is '5'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem/ (3) in varying degrees. / (4) No error. (5)

**Q.2.** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

Continuous unemployment has induced in the people a kind of _____ which is most depressing.
(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

**Q.3-8.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true (3) of rights is duty. If we all (4) our duties, rights will not be (5) to seek. If leaving duties unperformed we run (6) rights, they will (7) us like an elusive person. The more we pursue them, the farther (8) they fly.

**Q.3.** (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

**Q.4.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.5.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.6.** (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

**Q.7.** (1) hold (2) grab (3) fight (4) escape (5) chase

**Q.8.** (1) off (2) can (3) did (4) could (5) towards

## डाटा विश्लेषण और विवेचन और संख्यात्मक अभियोग्यता

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| **लिखित परीक्षा अंक** | **साक्षात्कार के अंक** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **30 से कम** | **30-39** | **40-49** | **50-59** | **60-69** | **70 और अधिक** |
| 260 और अधिक | **8** | **18** | **26** | **18** | **26** | **4** |
| 210 से 259 | **5** | **4** | **30** | **22** | **10** | **9** |
| 160 से 209 | **16** | **10** | **45** | **56** | **18** | **9** |
| 110 से 159 | **28** | **42** | **100** | **190** | **15** | **5** |
| 60 से 109 | **35** | **115** | **20** | **8** | **7** | **5** |
| 60 से कम | **32** | **32** | **20** | **4** | **6** | **2** |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक
(4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?
(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70
(4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी । जैसे :

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.7-8.** **निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी । सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.7.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.8.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.9.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## सामान्य सचेतता

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.1.** RBI में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है?

(1) India (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

**प्र.2.** भातर में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धी तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?

(1) ऊर्जाã (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्नलिखित में से वह कौनसा राज्य है जिसमें गरिबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?

(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.4.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?

(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का प्रधानमंत्री है ?

(1) डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम (2) डा. मनमोहन सिंह (3) श्रीमती सोनिया गांधी

(4) श्री अटल बिहारी बाजपेयी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## व्यवसायिक ज्ञान

**प्रबंध प्रशिक्षु (सामान्य) के लिए सिलेबस**

**A. मानव संसाधन प्रबंधन और औद्योगिक संबंध (25)**

i. औद्योगिक संबंध एवं श्रम कानून का प्रबंधन
ii. भर्ती और चयन
iii. कर्मचारी अनुशासन
iv. संगठनात्मक व्यवहार, संगठनात्मक परिवर्तन और हस्तक्षेप रणनीतियां
v. ट्रेड यूनियन
vi. मुआवज़ा प्रबंधन तथा निष्पादन प्रबंधन
vii. मानव संसाधन विकासः रणनीतियां और प्रणालियां
viii. श्रमशक्ति नियोजन
ix. प्रशिक्षण और विकास प्रबंधन
x. प्रबंधनों के लिए पारस्तरिक प्रक्रिया और परामर्श कौशल
xi. परिवर्तन और संघर्ष प्रबंधन
xii. विवाद समाधान और शिकायत प्रबंधन

**B. विपणन प्रबंधन (20)**

i. विपणनः सिद्धांत
ii. सेवाओं का विपणन
iii. विज्ञापन और ब्रांड प्रबंधन
iv. खण्डीकरण और पोजिशनिंग
v. ग्रामीण और सामाजिक विपणन
vi. संवर्धन प्रबंधन तथा संगठनों के लिए विपणन
vii. ग्राहक संबंध प्रबंधन
viii. उपभोगता व्यवहार
ix. विपणन अनुसंधान
x. विपणन के माध्यम के रूप में इन्टरनेट का प्रयोग
xi. मूल्य निर्धारण सिद्धांत

**C. आपूर्ति शृंखला प्रबंधन (20)**

i. आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधनः सिद्धांत
ii. सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन
iii. रसद प्रबंधनः राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय
iv. खुदरा प्रबंधन
v. परिवहन प्रबंधन
vi. सेवा संचालन प्रबंधन
vii. कारोबार प्रक्रिया की पुनर्रचना
viii. आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सूचना प्रौद्योगिक की भूमिका

ix. आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में उभरते हुए मुद्दे

x. पूर्णयोग योजना

xi. आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क का खाका बनाना

xii. वेयर हाउसिंग और स्टॉक योजना तथा प्रबंधन

xiii. अनुबंध प्रबंधन

**प्रबंध प्रशिक्षु (तकनीकी) के लिए सिलेबस**

i. **मूलभूत कृषि (20) -** फसल उत्पादन के सिद्धांत, फसल संरक्षण, कटाई उपरांत देखभाल, अनाज संरक्षण, कृषि विस्तार, बागवानी, पशुपालन, वितरण एवं आर्थिक परिदृश्य

ii. **जैव प्रौद्योगिकी (12) -** जीवाणु : लाभदायक और हानिकारक, जनन विज्ञान अभियांत्रिकी, जैव प्रौद्योगिकी के सिद्धांत, आर्थिक जैव प्रौद्योगिकी, रोगज़नक और नियंत्रण, हाल के रुझान

iii. **कीटविज्ञान (20) -** मूलभूत कीटविज्ञान, आर्थिक कीट विज्ञान, लाभदायक और हानिकारक कीड़े, एकीकृत कीट प्रबंधन, भंडारण कीट विज्ञान, रीढदार कीट, वर्गीकरण विज्ञान

iv. **रसायन विज्ञान (13) -** भौतिक रसायन विज्ञान, अकार्बनिक रसायन विज्ञान, कार्बनिक रसायन विज्ञान

**सहायक अभियंता (सिविल) के लिए सिलेबस**

**a) संरचनात्मक अभियांत्रिकी (18)**

i. यंत्र विज्ञान अभियांत्रिकी

ii. ठोस यांत्रिकी

iii. संरचनात्मक विश्लेषण

iv. निर्माण सामग्री और प्रबंधन

v. कंक्रीट संरचनाएं

vi. इस्पात संरचनाएं

**b) भू इंजीनियरिंग और जियोमेटिक्स इंजीनियरिंग (18)**

i. मृदाविश्लेषण यांत्रिकी

ii. फाउंडेशन अभियांत्रिकी

iii. सर्वेक्षण के सिद्धांत

iv. मानचित्र

v. दूरी और कोण का माप

vi. ट्रेवेर्सिंग और ट्राईएन्गुलेशन सर्वेक्षण

vii. क्षेतिज और ऊर्ध्वाधर वक्र

viii. जीआईएस और जीपीएस का मूलभूत ज्ञान

**c) जल संसाधन अभियांत्रिकी (10)**

i. तरल यांत्रिकी

ii. जलगति विज्ञान

iii. जल विज्ञान

iv. सिंचाई

**d) पर्यावरण अभियांत्रिकी (11)**

i. जल और अपशिष्ट जल

ii. वायु प्रदूषण

iii. नगरपालिका ठोस अपशिष्ट

iv. ध्वनि प्रदूषण

**e) परिवहन अभियांत्रिकी (8)**

i. परिवहन अवसंरचना

ii. राजमार्ग फुटपाथ

iii. यातायात अभियांत्रिकी

**सहायक अभियंता के लिए सिलेबस (इलेक्ट्रिकल)**

**A.** इलेक्ट्रिक सर्किट **(8)**

i. नेटवर्क ग्राफ

ii. KCL, KVL, नोड तथा मैश एनालिसिस

iii. dc तथा ac नेटवर्क का ट्रांजिएंट रेस्पोंस

iv. साइनसॉइडल स्टेडी-स्टेट एनालिसिस

v. रेसोनेन्स, पेसिव फिल्टर्स, आइडियल करंट और वोल्टेज सोर्सेज़

vi. थेवेनिन का प्रमेय, नॉर्टन का प्रमेय, अध्यारोपण (Superposition) प्रमेय, अधिकतम शक्ति अन्तरण प्रमेय

vii. द्वि-पोर्ट नेटवर्क, थ्री फेज़ सर्किट, ac सर्किट में पावर और पावर फैक्टर

**B.** इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड **(7)**

i. कूलॉम नियम, इलेक्ट्रिक फील्ड इंटेन्सिटी, इलेक्ट्रिक फ्लक्स डेंसीटी

ii. गाउस का नियम, डाइवरजेंस

iii. पॉइंट, लाइन, प्लेन और स्फेरिकल चार्ज डिस्ट्रीब्यूशन के कारण पोटेन्शियल तथा इलेक्ट्रिक फील्ड

iv. डाई-इलेक्ट्रिक मीडियम का प्रभाव

v. साधारण कॉन्फ़िग्रेशन की कैपेसिटेंस

vi. बायो-सेवर्ट का नियम, एम्पीयर का नियम, कर्ल, फैराडे का नियम, लॉरेंज बल

vii. इंडक्टेंस, मैग्नेटोमोटिव बल, रिलक्टेंस, मैग्नेटिक सर्किट

viii. साधारण कॉन्फ़िग्रेशन का सेल्फ तथा म्यूचुअल इंडक्टेंस

**C.** सिग्नल्स तथा सिस्टम्स **(7)**

i. सतत तथा असतत टाइम सिगनल्स का रिप्रजेंटेशन

ii. शिफ्टिंग और स्केलिंग ऑपरेशन्स

iii. लिनियर टाइम इनवेरिएंट और कैजुअल सिस्टम्स

iv. सतत आवर्ती सिगनल्स की फ़ौरियर सीरीज का रिप्रजेंटेशन

v. सैंपलिंग प्रमेय, फ़ौरियर ट्रांसफोर्म ऐप्लीकेशन्स, लेपलेस ट्रान्सफ़ॉर्म और z-ट्रांसफोर्म

**D.** इलेक्ट्रिकल मशीन **(7)**

i. सिंगल फेज़ ट्रान्सफ़ॉर्मरः समतुल्य सर्किट, फेजर डायग्राम, ओपेन सर्किट और शॉर्ट सर्किट टेस्ट, रेगुलेशन और इफिशियेन्सी

ii. थ्री फेज़ ट्रान्सफ़ॉर्मरः कनेक्शन, समांतर ऑपरेशन

iii. ऑटो- ट्रान्सफ़ॉर्मर, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एनर्जी कनवर्शन सिद्धांत

iv. DC मशीन: सेपरेटली एक्ससाइटेड, सीरीज और शंट, ऑपरेशन के मोटरिंग और जेनरेटिंग मोड और उनकी विशेषताएँ, dc मोटर्स की स्टार्टिंग और स्पीड कंट्रोल

v. थ्री फेज़ इंडक्शन मोटर्सः ऑपरेशन का सिद्धांत, प्रकार, कार्य-निष्पादन, टोर्क स्पीड विशेषताएँ, नो-लोड तथा ब्लॉक रोटर टेस्ट्स, समतुल्य सर्किट, स्टार्टिंग और स्पीड नियंत्रण

vi. सिंगल फेज़ इंडक्शन मोटर्स का ऑपरेटिंग सिद्धांत

vii. तुल्यकालिक मशीनः सिलेंड्रीकल और साइलेंट पोल मशीन, परफ़ोर्मेंस, जनरेटर्स का रेगुलेशन और समांतर ऑपरेशन, तुल्यकालिक मशीन की स्टार्टिंग, विशेषताएँ

viii. लॉस के प्रकार और इलेक्ट्रिक मशीनों की इफिशियेन्सी की गणना

**E.** पावर सिस्टम **(8)**

i. पावर जेनरेशन अवधारणा, ac तथा dc ट्रांसमिशन अवधारणा

ii. ट्रांसमिशन लाइंस तथा केबल्स का परफ़ोर्मेंस और मॉडेल्स

iii. सीरीज तथा शंट कॉम्पन्सेशन

iv. इलेक्ट्रिक फील्ड डिस्ट्रीब्यूशन तथा इंसुलेटर्स

v. डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, प्रति यूनिट क्वान्टिटीज, बस ऐडमिटेंस मैट्रिक्स

vi. गाउस-साइडल तथा न्यूटन-रैप्सन लोड फ़्लो विधि

vii. वोल्टेज तथा फ्रिक्वेंसी कंट्रोल, पावर फैक्टर करेक्शन

viii. सिमेट्रिकल कम्पोनेंट्स, सिमेट्रिकल और अनसिमेट्रिकल फॉल्ट एनालिसिस

ix. ओवर करंट का सिद्धांत, डिफरेंशियल और डिस्टेन्स प्रोटेक्शन

x. सर्किट ब्रेकर्स, सिस्टम स्टेबिलिटी कॉन्सेप्ट्स, इक्वल एरिया क्राइटीरीअन

**F.** कंट्रोल सिस्टम **(7)**

i. गणितीय मॉडेलिंग और सिस्टम का रिप्रजेंटेशन

ii. फीडबैक सिद्धांत, ट्रांसफर फंक्शन, ब्लॉक डायग्राम और सिंगल फ्लो ग्राफ

iii. ट्राजिएंट तथा लिनियर टाइम इनवेरिएंट सिस्टम्स का स्टेडी-स्टेट एनालिसिस

iv. राउथ-हरविट्ज तथा नाइक्विस्ट मापदंड, बॉड प्लोट्स, रूट लोकी

v. स्टेबिलिटी एनालिसिस, लैग, लीड एंड लीड-लैग कॉम्पेन्सेटर्स

vi. P, PI और PID कंट्रोलर्स

vii. स्टेट स्पेस मॉडेल, स्टेट ट्रांजिशन मैट्रिक्स

**G.** इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रोनिक मेजरमेंट **(7)**

i. ब्रिज और पोटेंशियोमीटर्स

ii. वोल्टेज, करंट, पावर, एनर्जी तथा पावर फैक्टर का मेजरमेंट

iii. इन्स्ट्रुमेंट ट्रान्सफ़ॉर्मर्स, डिजिटल वोल्टमीटर्स तथा मल्टीमीटर्स, फेज़, टाइम तथा फ्रिक्वेंसी मेजरमेंट

iv. ऑसिलोस्कोप, एरर एनालिसिस

**H.** एनालॉग तथा डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स **(7)**

i. डायोड्स BJT, MOSFET की विशेषताएँ

ii. सिम्पल डायोड सर्किटः क्लिपिंग, क्लैंपिंग, रेक्टिफायर्स

iii. एम्प्लीफायर्स: बाइअसिंग, समतुल्य सर्किट तथा फ्रिक्वेंसी रेस्पोंस

iv. ओसिलेटर्स तथा फीडबैक एम्प्लीफायर्स

v. ऑपरेशनल एम्प्लीफायर्स: विशेषताएँ तथा ऐप्लीकेशन

vi. सिम्पल एक्टिव फिल्टर्सः VCOs तथा टाइमर्स, कॉम्बिनेशनल तथा सीक्वेंशियल लॉजिक सर्किट, मल्टीप्लेक्सर, डीमल्टीप्लेक्सर, स्कीमिट ट्रिगर, सैंपल तथा होल्ड सर्किट, A/D तथा D/A कन्वर्टर

vii. 8085माइक्रोप्रोसेसर: आर्किटेक्चर, प्रोग्रामिंग तथा इंटरफेसिंग

**I.** पावर इलेक्ट्रॉनिक्स **(7)**

i. सेमीकंडक्टर पावर डिवाइसेजः डायोड, थाइरिस्टर, ट्राइक (Triac), GTO, MOSFET, IGBT की विशेषताएँ

ii. DC से DC में रूपान्तरण: बक, बूस्ट तथा बक-बूस्ट कन्वर्टर; अनियंत्रित रेक्टिफायर्स का सिंगल तथा थ्री फेज़ कॉन्फिग्रेशन, लाइन कम्यूटेड थायरिस्टर-आधारित कन्वर्टर्स

iii. बाइ-डायरेक्शनल ac से dc वोल्टेज सोर्स कन्वर्टर्स, लाइन करेंट हार्मोनिक्स का इश्यू

iv. पावर फ़ैक्टर, ac से dc में कन्वर्टर्स का डिस्टोर्शन फैक्टर, सिंगल फेज़ तथा थ्री फेज़ इनवर्टर, साइनसॉइडल पल्स विड्थ मॉड्यूलेशन

**लेखाकार** के लिए सिलेबस

**a) वित्तीय लेखांकन (20)**

i. लेखांकन मानक

ii. लेखा प्रक्रिया और सिद्धांत

iii. बैंक मिलान विवरण का निर्माण

iv. त्रुटियों का सुधार

v. प्राप्तियां और भुगतान खाता

vi. एकल प्रविष्टि पद्धति

vii. समामेलन, अवशोषण और कंपनियों का पुनर्निर्माण

viii. कंपनी के अंतिम खातों का निर्माण तथा प्रस्तुति

ix. बीमा दावा

x. ई-बैंकिंग, आरटीजीएस, एनईएफटी आदि

**b) लागत लेखांकन (15)**

i. लागत लेखांकन का स्वरूप एवं कार्य

ii. लागत अवधारणा

iii. लागत आकलन की पद्धति

iv. लागत के नियंत्रण तथा में कमी और की तकनीक

**c) कराधान (15)**

i. आयकरः संकल्पना तथा अधिनियम के अनुसार प्रावधान

ii. प्रतिविरूपण तथा हानि को स्थानांतरित करना

iii. सकल कुल आय से कटौती

iv. वैट और सेवा कर से संबंधित मुख्य विशेषताएं/प्रावधान

**d) अंकेक्षण (15)**

i. अंकेक्षणः सिद्धांत

ii. कंपनी ऑडिट

iii. ऑडिट रिपोर्ट और ऑडिट प्रमाण पत्र

iv. प्रत्ययन

v. आंतरिक नियंत्रण

vi. बैंकिंग/बीमा/गैर लाभ संगठन/चैरिटेबल सोसाइटी/ट्रस्ट/संगठनों का ऑडिट

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली(याँ) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।



आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।



आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।



आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है।



प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिन्हित है , उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'>** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next>** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next>** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे । जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी ।

(15) किसी प्रश्नावली के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप अगली प्रश्नावली पर तभी पहुचेंगे जब उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय समाप्त हो जाए ।

(16) परीक्षा के दौरान आप प्रश्नावलियों के बीच शफल नहीं कर सकते हैं ।

(17) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार केंद्रीय वेयरहाउसिंग निगम द्वारा निर्णीत अवधि के लिए पारीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(18) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(19) प्रत्येक प्रश्नावली के लिए आबंटित समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही उस प्रश्नावली के किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(20) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को फाइनली सबमिट करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप **समय पर** रिपोर्ट कर सकें (जैसा कि कॉल लेटर में मुद्रित है) । विलंब से आनेवालों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) आपका हाल ही का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और संस्था प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) निम्नलिखित वस्तुओं की परीक्षा केन्द्र के अंदर अनुमति नहीं है:

किसी प्रकार की लेखन-सामग्री जैसे कि शाब्दिक सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामिति / पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, लेखन पैड, पेन ड्राइव, लॉग-टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर आदि, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफ़ोन, माइक्रोफोन, पेजर, स्वास्थ्य बैंड आदि की तरह का कोई भी संचार उपकरण, अन्य वस्तुएं जैसे गोगल, हैंडबैग, बाल-पिन, हेयर बैंड, बेल्ट, टोपी आदि, कोई भी घड़ी / कलाई घड़ी, कैमरा आदि, कोई भी धातु आइटम, कोई भी खाने योग्य वास्तु (खुला या पैक्ड), पानी की बोतल आदि, कोई भी अन्य वस्तु जैसे कि कैमरा, ब्लू टूथ उपकरण आदि जिसका संचार के उपकरण को छिपाने हेतु अनुचित साधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सके । इन निर्देशों का किसी प्रकार से उल्लंघन उम्मीदवारी को रद्द और भविष्य की परीक्षाओं में प्रतिबंध सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई को आमंत्रित करेगा ।

(6) पूर्ण आस्तीन की शर्ट या टॉप की अनुमति नहीं है तथा केवल आधे आस्तीन के कपड़े की अनुमति है। जो जूते पैर की उंगलियों का आवरण करते हैं, उन्हें पहना जाने की अनुमति नहीं है। जूते खुले पैर की अंगुली के प्रकार के होने चाहिए और चप्पल या सैंडल की अनुमति है। लंबे बालों वाले उम्मीदवारों को अपने बालों को बांधना चाहिए ताकि कान ढंके न हों। इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन उम्मीदवारी को रद्द करने तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई का आमंत्रण देगा जिसमें भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंध शामिल है। किसी भी धार्मिक पोशाक पहनने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित रिपोर्टिंग समय से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा स्थल तक पहुंचने की सलाह दी जाती है ताकि उनकी पूरी तरह से जांच की जा सके ।

(7) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(8) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर गजटेड अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रमाण में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा। पहचान पत्र परीक्षा वाले दिन वैद्य होना चाहिये ।

(9) बायोमीट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर दो बार लिया जाएगा -परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद । बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन अधिकारी का इसकी स्थिति (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) के बारे में निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर सहभागी होने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है । इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(10) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परिक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा ऽ यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ संस्था उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(11) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(12) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा,जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल । पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है । उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से तुरंत निरस्त कर दिया जायेगा ।

(13) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(14) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या मौखिक अथवा लिखित, इलेक्ट्रोनिक अथवा मेकैनिकल किसी माध्यम से, परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(15) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे केंद्रीय वेयरहाउसिंग निगम की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

**याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :**

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) **मूल प्रति** प्रवेश पत्र जिस पर रंगीन फोटो चिपका हुआ हो और फोटो ID कार्ड और फोटोकॉपी जैसे कि 6 बिंदु में उल्लेख किया गया है।

(2) एक बाल पाइंट पेन ।

आपको शुभकामनाएं